समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# स्टेट बैकं मे प्रोबेशनरी ऑफिसर बनने का सुनहरा मौका, 14 जुलाई तक करे आंवेदन।

Publisher Published on 25 Jun 2025




## बैकिंग मे कंरियर बनाने का सपना देख रहे युवाओं के लिए खुशखबरी, SBI मे निकली PO की 541 वैकेसी, जाने आंवेदन प्रक्रिया से लेकर चयन तक की पूरी जानकारी।

**नई दिल्ली :** अगर आप **सरकारी नौकरी** की तलाश कर रहे हैं और **बैंकिंग सेक्टर** में भविष्य बनाना चाहते हैं तो आपके लिए शानदार मौका है। **स्टेट बैकं ऑफ इंडिया (SBI)** ने **प्रोबेशनरी ऑफिसर (PO)** के पदों पर भर्ती के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत कुल 5**41 पदों पर नियुक्तियां** की जाएंगी।

**आवेदन की अंतिम तारीख : 14 जुलाई 2025**

इच्छुक और योग्य उम्मीदवार **SBI की आधिकारिक वेबसाइट** sbi.co.in या ibpsonline.ibps.in/sbipomay25/ पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**कुल पदों का विवरण :**
**कुल पद :** 541
**नियमित श्रेणी के पद :** 500
**बैकलॉग (पिछली भर्ती के खाली पद):** 41

**शैक्षणिक योग्यता :**

उम्मीदवार के पास किसी **मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक (Graduation)** की **डिग्री** होनी चाहिए। **अंतिम वर्ष** के छात्र भी आवेदन कर सकते हैं, लेकिन नियुक्ति के समय डिग्री पूरी होनी चाहिए।

**आयु सीमा :**
**न्यूनतम आयु :** 21 वर्ष
**अधिकतम आयु :** 30 वर्ष (14 जुलाई 2025 तक)
**आरक्षित वर्गों (SC/ST/OBC/PwD)** को नियमानुसार आयु में छूट मिलेगी।

**आवेदन शुल्क :**
**सामान्य/OBC/EWS वर्ग:** ₹750 रुपये
**SC/ST/PwD वर्ग:** शुल्क माफ
**भुगतान का तरीका :** ऑनलाइन मोड (डेबिट/क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग)

**चयन प्रक्रिया :**
**प्रारंभिक परीक्षा (Prelims)**
**मुख्य परीक्षा (Mains)**
**साक्षात्कार (Interview) या ग्रुप डिस्कशन (GD)**

हर चरण को पास करना अनिवार्य होगा। अंतिम चयन **ऑनलाइन परीक्षा** और **साक्षात्कार** में प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा।

**आवेदन कैसे करे ?**
१. ibpsonline.ibps.in/sbipomay25/ पर जाएं।
२. "**Click here for New Registration**" पर क्लिक करें।
३. **बेसिक जानकारी भरे और रजिस्ट्रेशन करे**।
४. **आवेदन फॉर्म मे जरूरी डिटेल्स भरे, फोटो व सिग्नेचर अपलोड करे**।
५. **शुल्क भुगतान कर फॉर्म सबमिट करे**।
६. **प्रिंट आउट निकालकर सुरक्षित रखे**।

**महत्वपूर्ण लिंक :**
१. **आधिकारिक वेबसाइट :** sbi.co.in
२. **आवेदन लिंक :** ibpsonline.ibps.in/sbipomay25/

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.